


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 60 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 12 दिसम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया

## फार्मर आइडी में परेशानी, सर्वर की समस्या बन रही रोडा...

## किसान निधि में नया अड़ंगा

**भोपाल, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस। किसान सम्मान निधि में नया अड़ंगा आ गया है। यहां राजस्व महाअभियान 3.0 चल रहा है, जिसमें गांव-गांव में शिविर लगाए जा रहे हैं। फिर भी किसानों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। फार्मर आईडी नहीं बन पा रही है जिससे ज्यादातर किसानों की किसान सम्मान निधि अगले महीने से अटक सकती है। यह स्थिति प्रदेश में कई जगहों पर बन रही है। ऐसे में बड़ी संख्या में किसानों की सम्मान निधि अगले महीने अटक सकती है। सर्वर की समस्या के कारण आईडी बनाने के काम में अड़ंगा लग रहा है।**

राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत राजस्व शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर प्रत्येक गांव और पंचायत स्तर पर लगाए ला रहे हैं। इसके तहत आधार, खसरा लिंक, फार्मर आईडी, पीएम सम्मान योजना पर कार्य किया जा रहा है। लेकिन, सर्वर न आने से उक्त कार्य सुचारू रूप से नहीं चल पा रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी उन किसानों को होगी, जिनकी आईडी नहीं बन पाएगी। जनवरी से बगैर आईडी वाले किसानों को किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिलेगा। मप्र एग्रो स्टेट वेबसाइट पर लॉग इन और ओटीपी की समस्या की वजह से किसानों के किसान कार्ड बनने में देरी हो रही है। ऐसे में किसान कार्ड नहीं होने पर शासन की सम्मान निधि योजना के लाभ से भी किसान वंचित रह सकते हैं।

### फार्मर आईडी धारक ही पात्र...

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए दिसंबर 2024 के बाद यानि जनवरी 2025 से फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी है। अब सिर्फ फार्मर आईडी धारकों को ही पात्र माना जाएगा। इसके लिए किसान अपना मोबाइल नंबर आधार से लिंक कर नजदीकी सीएससी सेंटर, पटवारी या एमपी फार्मर रजिस्ट्री पोर्टल पर जाकर स्वयं रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। फार्मर रजिस्ट्री का उद्देश्य सभी जमीन धारकों का आधार लिंक्ड डेटा तैयार करना है। इससे योजनाओं का नियोजन, लाभार्थियों का सत्यापन और कृषि उत्पादों का वितरण सरल और पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। किसानों की आईडी नहीं बनने से न सिर्फ किसान बल्कि पटवारियों सहित सर्वेयर को भी परेशानी हो रही है। बताया जाता है कि एग्रो स्टेट वेबसाइट पर नाम मैच की भी समस्या होने के कारण किसान कार्ड नहीं बन पा रहे हैं।

### यह फायदे होंगे फार्मर रजिस्ट्री के...

✻ पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ अनिवार्यता की शर्त के साथ आसानी से मिलेगा। ✻ न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों के पंजीयन में सुगमता होगी। ✻ बार-बार सत्यापन की जरूरत समाप्त होगी। ✻ सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी रुकावट के मिल सकेगा।

# न शासन की सुनते, न हाईकोर्ट की..!

## ड्राइवर सीट पर लटककर स्कूल पहुंचते मासूम

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी स्कूल संचालक नहीं आए हरकत में, प्रशासन भी मौन !


फाईल फोटो

**मंदसौर, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** वर्ष 2019 में परिवहन विभाग के ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने स्कूल वाहनों के संबंध में कई नियम तैयार कर कार्रवाई के लिए निर्देश जारी किए। लेकिन, परिवहन विभाग कीनींद नहीं खुली। अब हाईकोर्ट ने इस संबंध में गाइड लाइन जारी की। इस गाइड लाइन का पालन करवाने के लिए भी परिवहन विभाग हो या यातायात पुलिस, हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। स्कूलों की तरफ से चलने वाले वाहनों में भी स्पीड गर्वनर सहित कई कमियां गाइड लाइन के हिसाब से है। लेकिन निजी वाहन विशेषकर ऑटो रिक्शा तो नियमों का ही उल्लंघन नहीं कर रहे, बल्कि बच्चों की जान से खिलवाड़ करते सुबह-सुबह नजर आ रहे हैं।

स्कूलों के लिए संचालित होने वाले वाहनों के लिए परिवहन विभाग ने नियम-कायदे बना रखे हैं। अब हाल ही में हाईकोर्ट ने भी गाइड लाइन जारी की है। इसके मुताबिक एक ऑटो में 3 से ज्यादा बच्चे ज्यादा नहीं बैठ पाएंगे। इसके अलावा स्कूल में 12 साल से अधिक पुराने वाहनों का संचालन नहीं होगा। लेकिन, शहर की सड़कों पर नियम विरुद्ध वाहन दौड़ रहे हैं। ऑटो ड्राइवर मनमानी से स्कूली बच्चों को ऑटो में ठूंस-ठूंसकर बैठा रहे हैं। मामले में ना स्कूल प्रबंधन ध्यान दे रहा ना ही प्रशासन। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। परिवहन विभाग के नियमों के अनुसार स्कूल में चलने वाले वाहनों का फिटनेस सहित अन्य जरूरी बातों का ध्यान रखना जरूरी है, ताकि सभी नियम-कायदों की पालना हो सके। स्कूलों में परिवहन विभाग के नियमों के विपरीत वाहन दौड़ रहे हैं। यहां तक कि कई स्कूलों में प्राइवेट वाहन संचालित हो रहे हैं। इनमें ऑटो रिक्शा भी शामिल हैं। जिनमें क्षमता से कई गुना ज्यादा बच्चों को बैठाया जा रहा है।

चालक एक ऑटो में एक दर्जन बच्चों को बैठाकर स्कूल ले जाने व घर छोड़ने का काम कर रहे हैं। इस मामले में पालक असहाय हैं। यदि वे नियमों के पालन की बात करते हैं और 3-4 बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए ऑटो करेंगे तो चालक भी उनसे एक बच्चे का दो से ढाई हजार रुपए प्रतिमाह का मांगेगा। अधिक बच्चों को छोड़ने पर किराया कम हो जाता है। हालांकि उसके बाद भी ऑटो ड्राइवर एक बच्चे के 400 से 800 रुपए तक दूरी के हिसाब से लेते हैं। इस पूरे मामले में प्रशासन आंखें बंद करके बैठा है।

### कई स्कूल हाइवे और मुख्य सड़क के किनारे...

शहर के चारों ओर निजी स्कूल हैं। हर दिशा में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर ऑटो ड्राइवर स्कूल पहुंचा रहे हैं। इनमें से कुछ स्कूल हाइवे किनारे तथा मुख्य सड़क किनारे हैं। शहर के सभी मार्गो पर स्थित कई स्कूलों के लिए बच्चों को ऑटो की ड्राइवर सीट पर लटककर स्कूल जाते देखा जा सकता है। यहां भी बेतरतीब तरीके से ऑटो में बैठाकर बच्चों को पहुंचाया जाता है।

### माता-पिता भी इसके लिए जिम्मेदार...

ओवरलोड स्कूली वाहन यातायात तथा परिवहन नियमों को ताक पर रखकर बेखौफ दौड़ रहे हैं। इसके लिए प्रशासन के साथ ही बच्चों के माता-पिता भी जिम्मेदार हैं। ऑटो को हायर करते समय माता-पिता भी यह बात नहीं करते हैं कि ऑटो में बच्चों की संख्या कम ही रखे। ऑटो चालक ज्यादा बच्चे होने पर महीने की फीस कम करने की बात करते हैं और इस चक्कर में माता-पिता भी मान जाते हैं। कछ अभिभावक सस्ते परिवहन के लालच में बच्चों को ओवरलोड ऑटो में भेज रहे हैं। जबकि, अभिभावक यह जानने की कोशिश नहीं करते कि जिस ऑटो में उनका बच्चा स्कूल आता-जाता है, उसमें नियमों का पालन हो रहा है या नहीं।

### यह गाइडलाइन बनाई कोर्ट ने...

✻ स्कूल बस को पीले रंग से रंगा जाएगा और वाहन के आगे और पीछे स्कूल बस या आन स्कूल ड्यूटी लिखवाना होगा। स्कूल बस के बाहर दोनों तरफ स्कूल के वाहन प्रभारी का नाम, पता एवं टेलीफोन, मोबाइल नंबर लिखा होगा। ✻ स्कूल बसों की खिड़कियों के शीशों पर रंगीन फिल्म नहीं लगेंगी। ✻ प्रत्येक स्कूल बस में फर्स्टएड बाक्स और अग्निशमन यंत्र होगा। ✻ प्रत्येक स्कूल बस में आपात स्थिति से निपटने में प्रशिक्षित एक परिचारक होगा। ✻ ड्राइवर के पास स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस और पांच वर्ष का अनुभव होना चाहिए। ऐसे ड्राइवर जिन्होंने एक वर्ष में दो से ज्यादा बार सिग्नल जंप किया है, वे स्कूल बस नहीं चला सकेंगे। जिस व्यक्ति का तेज गति से या शराब पीकर गाड़ी चलाने का एक बार भी चालान बना है, वह भी स्कूल बस नहीं चला सकेगा। स्कूल प्रबंधन इस संबंध में ड्राइवर से शपथ पत्र लेगा। ✻ प्रत्येक स्कूल बस में सीट के नीचे स्कूल बैग रखने की जगह होगी। ✻ प्रत्येक बस में स्पीड गवर्नर लगा होगा। ✻ स्कूल बस में दाहिनी ओर एक आपातकालीन दरवाजा और गुणवत्ता वाला लाकिंग सिस्टम होगा। ✻ प्रेशर हार्न नहीं लगाया जाएगा। रात में स्कूल बसों के अंदर नीले बल्ब लगाना होंगे। ✻ कोई भी स्कूल बस 12 वर्ष से अधिक पुरानी नहीं होगी। ✻ छात्रों को लाने-ले जाने में लगे आटो में चालक सहित चार से अधिक व्यक्ति नहीं बैठ सकते हैं। ✻ प्रत्येक स्कूल बस में एक जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम और एक सीसीटीवी कैमरा होगा। अभिभावक वाहन को मोबाइल एप के माध्यम से ट्रैक और देख सकेंगे।

# हक के लिए उठाई आवाज

## कालेज की जमीन पर अतिक्रमण को लेकर विद्यार्थी परिषद ने किया विरोध प्रदर्शन





**मंदसौर, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के कुछ तथाकथित लोगो द्वारा नई आबादी अफीम गोदाम रोड की शासकीय महाविद्यालय की जमीन पर अतिक्रमण कर पक्का निर्माण किया जा रहा था। जिसे सूचना मिलने पर शासकीय महाविद्यालय मंदसौर जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश चंदवानी और अभाविप के छात्र मौके पर पहुंचे और कॉलेज की जमीन से अतिक्रमण हटवाया और कॉलेज की करोडों की जमीन अतिक्रमण से मुक्त करवाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जो पक्ष कॉलेज की जमीन पर कब्जा कर रहा था उस पक्ष की पांच हजार फीट जमीन थी जो कि रास्ते में चली गई थी। इसके विपरित उस पक्ष ने मौके पर कॉलेज की 15 हजार फीट जमीन पर ग्रीन नेट लगाकर कब्जा कर लिया था वहां पर उस पक्ष द्वारा बुधवार को पक्का निर्माण करवाया जा रहा था जिसका विरोध शासकीय महाविद्यालय मंदसौर जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश चंदवानी और छात्रों ने किया।

शासकीय महाविद्यालय मंदसौर जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश चंदवानी ने बताया कि अतिक्रमणकर्ता बता रहें है कि वे इस जमीन का केस न्यायालय से जीते है लेकिन उन्होने कोई दस्तावेज पेश नहीं किये नियमों के अनुसार जो भी व्यक्ति कोर्ट से जमीन संबंधी मामले जीतकर आता है उसे कब्जा कलेक्टर द्वारा दिलवाया जाता है लेकिन यहां ऐसा भी नहीं हुआ। उन लोगों द्वारा कॉलेज की जमीन पर जबरन कब्जा किया जा रहा था। जो हमारे द्वारा हटाया गया है। मामले में मंदसौर एसडीएम ने एक दल का गठन भी किया जो उक्त सर्वे नम्बर का सीमांकन करेंगा और मामले की जांच कर रिपोर्ट पेश करेंगा।

# बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन



**मंदसौर, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** बर्फीली हवाओं की वजह से ठिठुरन बढ़ गई है। यह भी कह सकते है कि कंपकंपाने वाली ठंड पड़ रही है। पिछले पांच दिनों में पारा 4 डिग्री गिर चुका है। बुधवार को जिले में तेज ठंड रही। न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री तक पहुंच गया। दिन के तापमान में भी गिरावट रही। अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री रहा। मौसम विभाग की माने तो अगले 4 से 5 दिन ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, इस समय पश्चिम-उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। वहीं, 12.6 किमी की ऊंचाई पर 240 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से जेट स्ट्रीम हवाएं भी चल रही हैं। इन दोनों सिस्टम की वजह से प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिसंबर की सर्दी ने अबकी बार ट्रेंड बदल दिया है। पिछले 10 साल का रिकॉर्ड और ट्रेंड देखे तो दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में कड़ाके की ठंड पड़ती रही है। लेकिन, इस बार पहले ही पखवाड़े में तेज ठंडी का असर है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख में बर्फ गिरने से सर्दी बढ़ी है। यहां जेट स्ट्रीम हवाएं भी तेजी से बह रही हैं। जिसका असर प्रदेश में देखने को मिल रहा है।





# सकड़े हो गए मुख्य मार्ग

## दुकानदारों का सामान बाहर, ठेले भी सड़क पर

**मंदसौर, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर-पुलिस कप्तान और नपाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने यातायात व्यवस्था में सुधार को लेकर बीते दिनो बाजार का भ्रमण किया। इस दौरान पार्किंग व्यवस्था को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। लेकिन, जहां पार्किंग और व्यापारियों की दुकानों के बाहर बिखरा हुआ सामान यातायात बाधित कर रहा है। वहीं शहर के मुख्य मार्गो पर अस्थायी अतिक्रमण के कारण व्यवस्था बिगड़ रही है। शहर की सड़कों पर यातायात व्यवस्था सुधारने का प्रयास कभी पार्किंग के निर्देश तो कभी छोटा मोटा सामान जब्ती तक ही सीमित है। शहर पहले ही लंबे समय से अतिक्रमण की जद में है। इस पर मर्जी के मुताबिक सड़क पर खड़े होकर व्यापार करने वाले 2 हजार से अधिक स्ट्रीट वेंडर (ठेले वाले) भी यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहे हैं। व्यापारिक जोन कहे जाने वाला कालिदास मार्ग, आजाद चौक, सम्राट मार्केट 50 की बजाय सिर्फ 25 फीट चौड़ा ही बचा है।

जानकारी के अनुसार शहर में 2 हजार से अधिक हाथ ठेला सहित फेरीवाले हैं। नपा का दावा है कि सामान्य रूप से अधिकतर स्ट्रीट वेंडरों से शुल्क लिया जाता है। टेम्पो से व्यापार करने वाले तो बड़े स्ट्रीट वेंडरों में से अधिकतर से शुल्क भी लिया जाता है। लेकिन, इसके बाद सुविधा व मनमर्जी का स्थान चयन करके अधिकतर स्ट्रीट वेंडर लंबे समय से बाजार में जगह घेरे हुए हैं। नपा का अमला भी लंबे समय से जानकर भी अनजान बना है। कुछ समय पहले तत्कालीन सीएम की घोषणा के आधार पर नपा ने परिषद की बैठक में रोज नगर के बाजार में स्ट्रीट वेंडरों द्वारा जो अस्थायी दुकान (हाथ ठेला) लगाई जाती है, उनकी वार्षिक व अर्द्धवार्षिक वसूली की व्यवस्था का प्रस्ताव पारित किया था। नपा ने इसको लेकर अब तक ना कोई प्लानिंग बनाई और ना स्थान का चयन किया। नतीजतन स्ट्रीट वेंडर मनमाफिक व पसंद की जगह पर खड़े होकर व्यापार कर रहे हैं।

### चौराहों के साथ बगीचे भी चपेट में ...

शहर के पुराने बस स्टैंड स्थित नेहरू उद्यान हाथ ठेलों व गुमटियों की आड़ में छिप गया है। यकायक बाहरी यात्री की नजर भी पड़े तो उनको बगीचा नजर ही नहीं आएगा। इसके अलावा नाहटा चौराहा, गांधी चौराहा, महाराणा प्रताप बस स्टैंड सहित अन्य क्षेत्रों में भी ठेलों व अस्थायी अतिक्रमण के चलते यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है। इससे वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यही नहीं ठेलों के आसपास वाहन पार्क करने पर ये आक्रोशित होकर दुर्व्यवहार करने पर भी आमादा हो जाते हैं।

# हिरासत में सैलाना विधायक डोडियार

## बुधवार को रतलाम में चार राज्यों के आदिवासियों को बुलाया था

**रतलाम, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। विधायक आदिवासी समाज के साथ रतलाम-सैलाना रोड स्थित बंजली हवाई पट्टी पर आंदोलन करने वाले थे। आंदोलन रतलाम जिला अस्पताल में विधायक डोडियार और डॉ. सीपीएस राठौर के बीच विवाद को लेकर बुलाया गया था। हालांकि, जिला प्रशासन ने इसके लिए अनुमति नहीं दी थी। डॉ. राठौर के खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग को लेकर बुधवार को आदिवासी समाज ने विधायक के समर्थन में एकत्रित होने की बात कही थी। चार राज्यों के आदिवासी समाजजनों से रतलाम आने का आह्वान किया गया था। इससे पहले ही सुबह करीब 11 बजे विधायक डोडियार समेत 20 प्रदर्शनकारियों को पुलिस अपने साथ ले गई। एएसपी राकेश खाका ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रदर्शन को लेकर किसी प्रकार की अनुमति नहीं दी गई थी। इसी को देखते हुए पुलिस मुस्तैद हुई है। विधायक समेत 8 लोगों को पुलिस अभिरक्षा में लिया है।

### जिला अस्पताल में डाक्टर से हुआ था विवाद...

दरअसल, भारत आदिवासी पार्टी के विधायक कमलेश्वर डोडियार और जिला अस्पताल के डॉ. सीपीएस राठौर के बीच 5 दिसंबर को विवाद हो गया था। इसका वीडियो भी सामने आया था। डॉक्टर ने विधायक को अपशब्द कहे तो विधायक की भी डॉक्टर से तू-तू, मैं-मैं हो गई थी। इसके अगले दिन विधायक की रिपोर्ट पर डॉक्टर के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने भी विधायक के बर्ताव को लेकर थाने में शिकायत की थी।

### पुलिस की सख्ती के चलते नहीं जुट पाई भीड़...

मंगलवार को नेहरू स्टेडियम में प्रदर्शन और सभा की तैयारी की जा रही थी। विधायक ने कहा था, संविधान में सबको अपनी बात रखने का अधिकार है। हम शांति पूर्ण प्रदर्शन करेंगे। बुधवार सुबह 11 बजे अंबेडकर सर्कल पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। यहां से रैली के रूप में नेहरू स्टेडियम पहुंचेंगे। रात में प्रशासन की सख्ती के बाद स्थान बदल दिया गया। शहर से 5 किमी दूर रतलाम-सैलाना रोड स्थित बंजली हवाई पट्टी पर स्थान तय किया गया। बुधवार सुबह पुलिस बल और जिला प्रशासन की सख्ती के चलते समाज जन एकत्र नहीं हो पाए। करीब 50 लोग पहुंचे, जिनके साथ विधायक कमलेश्वर बैठे।

## बीजेपी मण्डल अध्यक्षों के लिए बूथ अध्यक्षों से रायशुमारी आज, चुनिंदा पदाधिकारियों से कल लेंगे अभिमत

**मंदसौर, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** बीजेपी मंदसौर जिले के 21 मण्डल अध्यक्षो के लिए बूथ अध्यक्षो से आज रायशुमारी करेंगी। इसके लिए पुरे जिले में आज गुरुवार को अलग अलग समय पर अलग स्थानों पर पदाधिकारी पहुंचेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्य मित्र भार्गव भी इस दौरान मंदसौर में ही रहेंगे। जबकि, मण्डल क्षेत्र में निवासरत पदाधिकारियों से कल अर्थात शुक्रवार को उनका अभिमत जानेंगे। बता दे कि समीपस्थ नीमच जिले के सभी मण्डल अध्यक्षो की घोषणा बुधवार को कर दी गई हैं।





**जर्जर होता नपा कार्यालय-** मंदसौर नगरपालिका कार्यालय भवन में कई जगह छत से मलबा गिर रहा है, वही छत पर रखी पानी की टंकी लीकेज होने से शौचालयों में पानी टपक रहा है। लेकिन, नपा के कारिंदो का इस ओर ध्यान नहीं है।

### ठण्ड को दृष्टिगत रख कक्षा 8 वीं तक के स्कूल प्रात: 9 बजे पूर्व नहीं खुलेंगे

**नीमच, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा ने नीमच जिले में शीतऋतु एवं तापमान में आई गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से जिले में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8वीं तक सभी शासकीय, अशासकीय, सी.बी.एस.ई., आई.सी. एस .ई. एवं समस्तव बोर्ड से सम्बषद्ध शैक्षणिक संस्थाओं को प्रात: 9 बजे के पूर्व संचालित नहीं करने का आदेश जारी किया है। परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समयानुसार ही संचालित होगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। सभी शिक्षण संस्थाओं को उक्त आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए है।

# मोक्षदा एकादशी पर धर्मधाम गीता भवन में गीता के मूल पाठ का सामूहिक आयोजन

**मंदसौर, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** धर्मधाम गीता भवन में अगहन सुदी (शुक्ल पक्ष) मोक्षदा एकादशी को गीता जयंती के अवसर पर गीता भवन के अध्यक्ष स्वामी श्री रामनिवासजी महाराज के सानिध्य में श्रीमद् भगवद्गीता 18 अध्याय का सामूहिक मूल पाठ किया गया। पाठ प. श्री हेमन्त भट्टद्वारा कराया गया।



पाठ में गीता भवन महिला मण्डल और भक्तजन सम्मिलित हुए। पाठ समापन के पश्चात् गीता माता की आरती की गई। प्रसाद बांटा गया। 12 दिसम्बर को 10 बजे से धर्मधाम गीता भवन में यज्ञ, 12 बजे आरती होगी। इस अवसर पर धर्मधाम गीता भवन के उपाध्यक्ष श्री जगदीशचन्द्र चौधरी, वरिष्ठ ट्रस्टी बंशीलाल टांक, सचिव पं. अशोक त्रिपाठी, ट्रस्टी शेषनारायण माली, 52वीं गीता जयंती समारोह के अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह अखावत, ओमप्रकाश व्यास, डॉ. रविन्द्र पाण्डेय, हितेष भावसार, सत्यनारायण सोमानी सहित महिला सत्संग मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती विद्या उपाध्याय के नेतृत्व में प्रति एकादशी को सामूहिक गीता पाठ करने वाली माता बहने श्रीमती अंजू तिवारी, पूजा बैरागी, सुमित्रा मुजावदिया, संतोष मोदी, प्रेमलता आचार्य, इंदिरा बतानिया, विजयलक्ष्मी सांखला, पुष्पा गौड, शांतिबाई देवड़ा, पुष्पादेवी बैरागी, माया जाजवानी, संतोष सोनी, सोहनकुंवर सिसौदिया, अयोध्या बैरागी, मनोरमाबाई, हेमलता कुंवर गेहलोद आदि ने सामूहिक गीता के मूल पाठ में भाग लिया।

# सुवासरा विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले के विकास को पंख देंगे औद्योगिक पार्क

### विधानसभा क्षेत्र में दो औद्योगिक पार्क की स्वीकृति पर विधायक डंग ने मुख्यमंत्री का आभार माना

**सुवासरा, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले को औद्योगिक विकास के लिए सेमली कांकड और बसई की सौगात जिले को विकास के नए पंख देगी। इससे रोजगार और स्वरोजगार दोनों अवसर उपलब्ध होंगे। निवेश आने से जनता को सीधे तौर पर लाभ होगा। मैं इस महत्वपूर्ण और बड़ी सौगात के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार प्रकट करता हूं। सुवासरा विधानसभा क्षेत्र में यह पार्क विधानसभा क्षेत्र को भारत के औद्योगिक नक्शे पर लाएंगे। यह बात पूर्व मंत्री एवं सुवासरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री हरदीप सिंह डंग ने कही। औद्योगिक पार्क की स्वीकृति पर प्रसन्नता जताते हुए श्री डंग ने बताया



कि सेमली कांकड औद्योगिक पार्क 80.26 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 61 करोड़ की प्रस्तावित लागत से बनेगा, उज्जैन- गरोठ नेशनल हाईवे पर स्थित यह औद्योगिक पार्क, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे से मात्र 22 किलोमीटर दूरी पर होने से देशभर के निवेशकों को आकर्षित करेगा। प्रस्तावित सेमली कांकड औद्योगिक पार्क में लगभग 100 इकाइयों से 2500 करोड़ का निवेश आकर्षित होना अनुमानित है. जिससे 5000 से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

श्री डंग ने बताया कि इसी प्रकार सुवासरा विधानसभा क्षेत्र के ही बसई औद्योगिक पार्क का विकास 178.83 हेक्टेयर भूमि पर किया जायेगा। जिसकी प्रस्तावित लागत लगभग 89 करोड़ है। यहाँ लगभग 180 इकाइयों से 4000 करोड़ का निवेश आकर्षित होना अनुमानित है। साथ ही 8000 से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त होना भी संभावित है। श्री डंग ने कहा कि सरकार ने प्रस्तावित पाकों में 24 मीटर से 30 मीटर तक की पर्याप्त चौड़ी सड़कें, 24 घंटे बिजली-पानी, आवासीय मकान, जल शोधन संयंत्र, सीईटीपी जैसी सभी उच्च स्तरीय बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराने की योजना बनाई है। इन पार्कों की जलापूर्ति चम्बल नदी पर निर्मित गाँधी सागर बांध से होगी, जिसमे सेमली- कांकड़ को 2 एमएलडी एवं बसई औद्योगिक पार्क को 4 एमएलडी जल प्रदाय किया जायेगा। श्री डंग ने कहा कि इस सौगात से सुवासरा विधानसभा क्षेत्र को विकास की नई उड़ान मिलेगी। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में सुवासरा विधानसभा और मंदसौर जिला विकास के नए सोपान तय करेगा। आपने मुख्यमंत्री श्री यादव के साथ ही उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर के प्रति भी आभार प्रकट किया है।

### शीत लहर के चलते स्कूलों का समय प्रात: 9.30 बजे बाद किया जाए-तोमर

**मंदसौर, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश से साथ साथ मन्दसौर जिले में भी शीत लहर का कहर जारी है। ऐसे में प्रात: कालीन पाली में संचालित होने वाले सभी शासकीय, निजी विद्यालयों का समय 9.30 बजे बाद तय किया जाए क्योंकि शीत लहर के कारण छोटे बच्चों में बीमारी फैलने का डर हो रहा है। इस हेतु मंदसौर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग को एक पत्र प्रेषित कर समय बदलने का अनुरोध किया है। साथ ही मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन से भी आग्रह किया है कि स्कूलों का समय जल्द बदला जाए ताकि बच्चों को शीत लहर से राहत मिल सके।



## सभी बैंक मैनेजर पूरी तैयारी के साथ बैठक में आए

### जिला स्तरीय डीएलसीसी की बैठक संपन्न



**मंदसौर, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग की अध्यक्षता में जिला स्तरीय डीएलसीसी की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी बैंक मैनेजर को निर्देश देते हुए कहा कि सभी बैंक मैनेजर पूरी तैयारी के साथ बैठक में आए। इसके साथ ही बैंकर्स बैठक में अपने प्रतिनिधि को ना भेजें। बैठक में स्वयं मैनेजर उपस्थित हो, यह सुनिश्चित करें। अगर कोई बैंक मैनेजर बैठक में नहीं आता है, तो एलडीएम संबंधित पर कार्यवाही करें। शासन की जितनी भी योजना है, उनका शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करें। विभागों के द्वारा जितने भी प्रकरण बैंक को भेजे जा रहे हैं। उनको बिना कारण के रिजेक्ट ना करें। लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण करें। इसके साथ ही बैठक में मुद्रा योजना, पीएम जीवन ज्योति योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना इत्यादि योजना की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, एलडीएम श्री मोदी सहित बैंकर्स, विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

# भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन

**मंदसौर, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कालेज ऑफ़ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में दिनांक 11- 12 -2024 को भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप दीपन एवं माल्यार्पण के द्वारा हुआ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके वर्मा ने बताया कि आज बहु भाषी विद्वान और स्वतंत्रता सेनानी महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती है। इस दिन को भारतीय भाषा उत्सव के नाम से भी जाना जाता है। भारती जी भारत की जनता में विदेशी सत्ता के प्रति विद्रोह की भावना भरकर जनता को अज्ञान और भ्रम की गहरी निद्रा से जगाना



चाहते थे। हिंदी के विभागाध्यक्ष डॉ. जे. एल. आर्य ने बताया कि इस उत्सव को मनाने का उद्देश्य मातृभाषा और अन्य भारतीय भाषाओं का प्रचार - प्रसार और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। साथ ही लोगों को अधिक से अधिक भारतीय भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। सुब्रह्मण्य भारती की रचनाओं में देश प्रेम, सवाधीनता एवं दलित भारत की मूक भावना मुखरित हुई। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को हिंदी में हस्ताक्षर करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ.सीमा जैन ने बताया कि बहु भाषावाद को मजबूत करने के लिए और लोगों को अधिक से अधिक भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए और विविधता में एकता स्थापित करने के लिए भारतीय भाषा दिवस मनाने की आवश्यकता पड़ी। इस अवसर पर डॉ ज्योति डोसी , डॉ नेहा दिक्षित , प्रोफेसर वर्दीचंद्र राठौर तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।



## सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई में मातृ सम्मेलन सम्पन्न

**मंदसौर, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई संजीत मार्ग मंदसौर में प्री प्रायमरी के भैया बहनों की माताओं और उनके सम्पर्क की समाज से अन्य माताओं को आमंत्रित कर मातृ सम्मेलन आयोजित किया गया।

नन्हे नन्हे भैया बहनों ने बहुत ही सुंदर गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किये। शिशुवाटिका की दीदियों द्वारा सुंदर सा पपेट शो प्रस्तुत किया गया। मुख्य वक्ता श्री दशरथ भाई शर्मा ने शिशु के चरित्र निर्माण और परिवार में माँ की भूमिका को लेकर सभी माता बहनों का प्रबोधन किया। माताओं ने अपने पाल्य के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर आनंद की अनुभूति की एवं विद्यालय के प्रति अपने विचार और अनुभव साझा किए। भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सचिव श्री अशोक पारीक, सहसचिव एवं सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक श्री सुनील शर्मा, सीबीएसई एवं सैनिक विद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती सरोज प्रसाद, प्रधानाचार्य श्री प्रवीण मिश्रा, उप प्राचार्य सुश्री लक्ष्मी राठौड, प्राथमिक विभाग टीम मेंटर श्रीमती अजीत आर्थर, शिशु वाटिका संयोजक श्रीमती हेतल भावसार एवं शिशु वाटिका की सभी दीदियाँ की इस मनोहारी कार्यक्रम के साक्षी रहे।

# महिला की मौत के बाद 9 माह पूर्व किए विरोध प्रदर्शन के मामले में किसान नेता जोकचन्द सहित सात लोगों को मिली जमानत

**पिपलियामंडी, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** महिला की मौत के विरोध में 9 माह पूर्व किए गए विरोध प्रदर्शन के मामले में किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द सहित 7 लोगों को जमानत मिल गई। जानकारी के अनुसार 17 मार्च 2024 को नारायणगढ़ थानान्तर्गत गांव गर्रावद में मिक्सर मशीन की चपेट में आने से यशोदाबाई पति प्रहलाद सूर्यवंशी की मौत हो गई थी। मृतका के परिजनों को 14 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने व ड्राइवर पर 302 में केस दर्ज करने की मांग को लेकर 18 मार्च 2024 को किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द सहित ग्रामीणों ने गर्रावद फन्टे पर जाम लगाया था। पीड़ित पक्ष को आर्थिक सहायता देने व ड्राइवर पर केस दर्ज करने का आश्वासन देकर प्रशासन ने जाम हटवाया था। लेकिन बाद में पुलिस ने किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द, जनपद सदस्य प्रतिनिधि महेश पिता बालूराम डांगी, गर्रावद सरपंच कमलेश पिता भेरुलाल सूर्यवंशी, तलाव पिपलिया सरपंच रमेश पिता वरदा राठौर, ढाबला निवासी विजेश पिता वरदीचंद राठौर, गर्रावद निवासी सुरेश पिता गुड्डू सूर्यवंशी, सोनगरा निवासी रामप्रसाद पिता गणेशराम सूर्यवंशी पर धारा 341, 188, 147 में केस दर्ज कर दिया था। मामले में किसान नेता जोकचन्द सहित सातों आरोपी बुधवार को नारायणगढ़ न्यायालय में पेश हुए। उनके अधिवक्ता एम जेनूल मंसूरी व बीएल गुर्जर ने पक्ष रखा कि मामला जनहित से जुड़ा हुआ था, सांकेतिक प्रदर्शन किया गया था, लेकिन राजनैतिक द्रवेषतावश, दबाव में पुलिस ने यह मामला दर्ज किया है, जिसमें जमानत दी जाना चाहिए। प्रथम श्रेणी न्यायाधीश डॉ. साक्षी प्रसाद ने मामले में सभी आरोपियों को जमानत दे दी।

अभी तक नही मिली राशि:- नौ बाद बीतने के बाद भी अभी तक पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता राशि नही मिली। किसान नेता जोकचन्द ने बताया कि विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि पीड़ित पक्ष 14 लाख रुपए आर्थिक सहायता दिलवाएंगे, लेकिन अभी तक एक रुपए भी पीड़ित परिवार को नही मिला। किसान नेता जोकचन्द ने आरोप लगाया कि प्रशासन अक्सर एसा ही करता है, विरोध प्रदर्शन शांत करने के लिए झूंठा आश्वासन दे देता है व आर्थिक सहायता देने की की घोषणा कर दी जाती है। लेकिन मंत्री के दबाव में बाद में राशि देने के बजाए पीड़ित परिवार को चक्कर कटवाए जाते है व जनहित में विरोध करने वालों पर झूंठे केस बना दिए जाते है। जोकचन्द ने कहा कि पुलिस के झूंठे मुकदमे से मल्हारगढ़ विधानसभा के किसान दबने वाले नही है, हमें न्यायलय पर पूरा भरोसा है। प्रशासन ने जिन मामलों में आर्थिक सहायता देने की घोषणा की और नही दिए, एसे मामलों को लेकर शीघ्र ही तहसील कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

## कन्या महाविद्यालय में गीता महोत्सव सम्पन्न



**मंदसौर, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि हमें वर्तमान युग में जीवन के प्रति यदि चिंतन करना है तो सबसे पहले श्रीमद भगवदगीता का अध्ययन करना चाहिए जिससे हमारा आत्मज्ञान जाग्रत होता है एवं गीता से हमें प्रबंधन के कई गुर सीखने को मिलते है।

सभा को संबोधित करते हुए डा.पी.एल.पाटीदार प्राध्यापक वाणिज्य ने कहा कि श्रीमद् भगवदगीता आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का एक पवित्र ग्रंथ है। महाभारत युद्ध के दौरान भगवान कृष्ण एवं अर्जुन के मध्य हुए संवाद को गीता में समाहित किया गया हैं। अर्जुन जब युद्ध के दौरान विचलित होते है तो भगवान कृष्ण उन्हें कर्मयोग का दृष्टांत देते है। उन्होने कहा कि यदि हम गीता के अठारह अध्यायों का अध्ययन करेगें तो अपने जीवन से जुडे हर चुनौति का समाधान स्वत: ही होता रहेगा। आपने छात्राओं से आव्हान किया कि वे गीता के अठारह अध्यायों का अध्ययन अवश्य करें जिससे हम जीवन में कर्मयोग को महत्ता दे सके। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डा.उमा गगरानी ने कहा कि श्रीमद् भगवदगीता हमें निष्काम कर्म का संदेश देती है। हम सभी कर्म मे संलग्न होते हुए उसके फल की चिंता न करें क्योंकि कर्म करने के बाद कर्मफल फलीभूत अवश्य होता है और यही समाज और देश के विकास में योगदान देता है। कार्यक्रम का आभार डा.अनुराग आर्य ने माना। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं लगभग 80 छात्रायें उपस्थित थी।

## सक्षम मालवा प्रांत ने दिव्यांगजनों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

**मंदसौर, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर प्रवास पर आये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सक्षम मालवा प्रान्त म.प्र. द्वारा ज्ञापन देकर दिव्यांगों को पेंशन वृद्धि करने तथा उन्हें सामग्री समय पर वितरित करवाने की मांग की गई।

सक्षम मालवा प्रान्त सचिव रविन्द्र पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में दिव्यांगों को मिल रही 600 रू. पेंशन बहुत कम है जिसको बढ़ाकर 1500 रू. किया जाए एवं दिव्यांगों को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) को भारत सरकार की संस्था समय समय पर जिलों में कैंप लगती है दिव्यागो का परीक्षण करती है और उनको आवश्यक उपकरण प्रदान करती है कई बार उपकरण आ जाते हैं कार्यक्रम के अभाव में 6 महीने तक उपकरण उनको नहीं दिए जाते हैं पोर्टल पर उनके नाम से चढ़ा दिए जाते हैं पर उनको प्राप्त नहीं होते हैं यह बहुत ही गंभीर विषय है। सक्षम मालवा प्रांत ने मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि मंदसौर जिले में राकेश गायरी कोटडा बहादुर की इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल आ चुकी है। सामाजिक न्याय विभाग के पास रखी है सीतामऊमें कुछ दिन पहले आयोजन कि तिथी तय हुई दिव्यागो को सूचना दी गई और आयोजन निरस्त कर दिया गया है जिससे दिव्यांगों को भटकना पड़ा यह बहुत गंभीर विषय है इसकी और भी मुख्यमंत्री के ध्यान में लाया गया और इन मांगों को पूरा करने की बात कही गई है। इस दौरान सक्षम के पदाधिकारी अध्यक्ष अलका अग्रवाल सचिव निवेदिता नाहर कोषाध्यक्ष के जी उपाध्याय सदस्यगण एवं दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

### बांग्लादेश सरकार ने हिंदुओं पर हिंसा की बात मानी

**ढाका/नई दिल्ली, 11 दिसम्बर।** बांग्लादेश की सरकार ने आखिरकार मान लिया है कि वहां अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं के खिलाफ हिंसा हुई है। इससे पहले तक बांग्लादेश के मुखिया मोहम्मद यूनुस इसे झूठ बता रहे थे। हालांकि, अब उनका कहना है कि शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद से अब तक हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के 88 मामले सामने आए हैं। वहीं, यूनुस सरकार के प्रेस सचिव शफीकुल आलम का कहना है कि हिंसा के मामलों में अब तक 70 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन

**मंदसौर, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ,मंदसौर में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत अकादमिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन प्रारंभ हुआ जिसके अंतर्गत प्रथम दिवस रामचरितमानस की प्रासंगिकता विषय पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। महाविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता करेंगे। दिनांक 9 दिसंबर 2024 को भाषण प्रतियोगिता, दिनांक 10 दिसंबर 2024 को निबंध प्रतियोगिता , 11 दिसंबर 2024 को पोस्टर प्रतियोगिता, 12 दिसंबर 2024 को भारतीय संस्कृति के लोक नृत्य प्रतियोगिता, 13 दिसंबर 2024 को भारतीय संस्कृति के लोकगीत प्रतियोगिता तथा 14 दिसंबर 2024 को भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का प्रारंभ मां सरस्वती के सम्मुख माल्यार्पण एवं दीप- दीपन कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आर के वर्मा ने रामचरितमानस की वर्तमान में प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने सहभागिता की। भाषण प्रतियोगिता में अर्पित परमार ने प्रथम ,शुभम राठौर ने द्वितीय तथा आशीष मुजावदिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय दिवस जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में लक्ष्मी मेहरु ने प्रथम ,रवि ने द्वितीय एवं हर्षित सोलंकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय दिवस पोस्टर प्रतियोगिता में हिमशिखा यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागी विश्वविद्यालय स्तर पर सहभागिता करेंगे।



# श्री केशव सत्सग भवन खानपुरा में श्रीमद् भगवद् गीता का सामूहिक मूलपाठ हुआ

**मंदसौर, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में अगसुदी एकादशी 11 दिसम्बर को गीता जयंती पर्व पर व्यासपीठ पर विराजित परम पूज्य स्वामी डॉ. नारायणजी वृन्दावन के सानिध्य में श्रीमद् भगवद गीता संस्कृत 18 अध्याय का मूल पाठ किया गया। पाठोपरान्त गीता ग्रंथ का पूजन आरती की गई। परम पूज्य स्वामी आत्मानन्दजी सरस्वती महाराज रतलाम एवं परम पूज्य स्वामी राजेश्वरानंदजी हरिद्वार का भी सानिध्य प्राप्त हुआ।



डॉ. स्वामीनारायणजी ने गीता को समस्त प्राणियों में समभाव की प्रेरणा देने वाला वैश्विक ग्रंथ बताते हुए कहा कि भगवान कृष्ण महाभारत युद्ध के समय निजी कर्तव्य कर्म से उपराम-उदास-निराश अर्जुन को अपने कर्तव्य कर्म पर आरूढ़ होने के लिये भगवान कृष्ण का वह प्रेरक ग्रंथ है। आवश्यकता आज भारत की सम्पूर्ण विश्व अनुभव कर रहा है। विश्व में आज गीता का अध्ययन स्वाध्याय कराया जा रहा है। विश्व मे वर्तमान में युद्ध की जो विभिषीका है उससे उबरने में यदि कोई सहायक हो सकता है वह है एक मात्र गीता। संसार में रहते हुए जिसकी बुद्धी हर पल भगवान में लगी रहती है फिर उससे कोई गलत काम नहीं हो सकता इसलिये भगवान ने गीता में धन सम्पत्ति सम्पदा आदि कोई भौतिक वस्तु देने की नहीं कहकर

ददामि बुद्धी योग बुद्धी देने की कहा है। उपस्थित रहे- अध्यक्ष जगदीश चन्द्र सेठिया, कोषाध्यक्ष मदनलाल गेहलोद, ट्रस्टी बंशीलाल टांक, आर.सी. पंवार, पुरूषोत्तम गोयल, शिवनारायण पंडित, प्रवीण देवड़ा, मदनलाल गेहलोत, प्रदीप देवड़ा, निरंजन गेहलोत, कमल देवड़ा, मांगीलाल सोनी, विनोद सोनी, जगदीश भावसार, पुरूषोत्तम गोयल आदि।

## विधानसभा का घेराव एवं प्रदर्शन 16 को

### विक्रांत भूरिया लेंगे 14 को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

**मंदसौर, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा द्वारा चुनाव में किए गए वादों से मुकरना, मध्यप्रदेश में किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम न मिलाना, दलित व आदिवासियों पर बड़ते अत्याचारों, सरकारी विभाग में बढ़ते भ्रष्टाचार, महिलाओं पर बढ़ते अपराध को लेकर मध्यप्रदेश कि मोहन सरकार के खिलाफ 16 दिसंबर को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व पूरे मध्यप्रदेश से कांग्रेस कार्यकर्ता विधानसभा का घेराव एवं प्रदर्शन मे शामिल होंगे। आगे की जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता श्री राजनारायण लाड ने बताया कि मंदसौर जिले से अधिक से अधिक कार्यकर्ता भोपाल पहुंचे इसको लेकर मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विक्रांत भूरिया जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में बैठक लेंगे।



श्री भूरिया 14 दिसंबर 2024 शनिवार दोपहर 12:30 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय पर पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। वही पत्रकार वार्ता के बाद मंदसौर जिले से अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता 16 दिसंबर को भोपाल पहुंचे इस को लेकर श्री भूरिया जिले के कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठनेताओं, जिला पदाधिकारीयो, मोर्चा संगठनों के अध्यक्षों व ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं की बैठक दोपहर 1:00 बजे बैठक लेंगे। पत्रकार वार्ता व कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जी जैन भी उपस्थित रहेंगे।

# सूर्य को तपने में और पुण्य को पकने में समय लगता है-संत नागर

**मंदसौर, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** दरिद्र ही नही धनवान भी प्रभु को प्राप्त करने के लिये भजन करते है। श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन उगरान रायनखेड़ा ग्राम मे कथा वाचक संत श्री प्रभु नागर ने कहा की दर्द के बिना संतान और विरह के बिना भगवान नही मिलते। मीरा ने भी भजन के दम पर प्रभु श्री कृष्ण को पाया तो उनको शूल भी चुभे, बहुत पीड़ा सही लेकिन ठाकुर जी को पा गई। संत श्री ने कहा की द्वारकाधीश की सहस्त्र नामावली है किंतु उसे दोनों हाथ फैलाकर हे नाथ पुकारा जाए तो वो अपने भक्तों का हाथ अवश्य पकड़ लेता हैं। वचन मे निष्ठा होगी तो भजन मे निष्ठा होगी और भजन मे वजन होगा। आपने कहा कि श्री मद भागवत के एक एक श्लोक और एक एक शब्द मे श्री कृष्ण विद्यमान है। कौरव पूर्णिमा के चंद्रमा थे और पाण्डव दूज के चंद्रमा। पूर्णिमा के चंद्र कभी बढ़ते नही जबकि दूज के चंद्रमा दिन ब दिन बढ़ते जाते है इसलिए दूज के चंद्रमा बनने की कोशिश कीजिए। दवाई हमेशा साफ़ सुथरे और अच्छे अनाज मे ही रखी जाती है ताकि वो कभी खराब न हो इसी तरह ज्ञान भी अच्छे लोगों को ही दिया जाता है। आपने यह भी कहा की देवताओं और दानवों मे संधि के पश्चात समुद मंथन किया जिसके फलस्वरुप देवों ने भगवान के स्वरुप को पहचान लिया और अमृत ग्रहण कर अजर अमर हो गये वहीँ राक्षस जाती का समूल नाश हो गया।



पंडित श्री नागर ने उपस्थित हज़ारों धर्म प्रेमी जनता को उपदेश देते हुवे कहा की माता पिता और सास ससुर की सेवा से बढ़कर कोई सम्पत्ति नही होती। जिसके हिस्से माता पिता आते हैं वो स्वत: ही मालामाल हो जाता हैं। गुरुजी ने ये भी कहा की मनुष्य का बचपन मामा भुवा के यहां बीते तो बहुत अच्छा हैं किन्तु बुढ़ापा रिश्तेदारी मे बिताना शर्मनाक होता हैं। इसलिए प्रारब्ध कैसा भी हो परन्तु चौथा चरण यानी कि वृद्धावस्था आनंद वाली हो, प्रभु कि भक्ति वाली हो। संत श्री ने बीच बीच मे कई बार रामचरितमानस की चौपाइयां सुनाकर राम रावण के चरित्रों का वर्णन कर जीवन जीने की सीख भी दी। कथा दौरान आज श्री बालकृष्ण के जन्म का प्रसंग भी विद्यमान हुआ जिसके तहत नंद बाबा अपने सिर पर एक टोकरी मे बालकृष्ण को व्यास पीठ पर लाए जहां संतश्री ने प्रभु के बाल स्वरुप के दर्शन किये और माखन मिश्री खिलाई और लाड लड़ाया। इस दौरान उपस्थित माताओं बहनों मे भी बालकृष्ण को गोदी मे उठाकर लाड लडाने की होड लग गई। उक्त जानकारी यजमान परिवार के सदस्य कवि मुकेश निडर ने दी।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 93 | 2210 | 2600 |
| उडद | 56 | 4500 | 6600 |
| सोयाबीन | 4000 | 3650 | 4250 |
| गैहु | 1570 | 2711 | 3121 |
| चना | 2215 | 5530 | 6299 |
| मसुर | 105 | 5201 | 6000 |
| धनिया | 177 | 5800 | 7526 |
| लहसुन | 11500 | 10601 | 29500 |
| मैथी | 550 | 4701 | 5800 |
| मुंगफली | 3200 | 4050 | 5380 |
| अलसी | 1340 | 5300 | 5979 |
| सरसो | 80 | 5400 | 5800 |
| तारामीरा | 1 | 4271 | 4271 |
| इसबगोल | 46 | 10500 | 12700 |
| प्याज | 13500 | 1300 | 3900 |
| कलोंजी | 11 | 16999 | 17301 |
| तुलसी बीज | 4 | 16201 | 18401 |
| डॉलर | 10 | 9391 | 10712 |
| तिल्ली | 32 | 8601 | 12400 |
| जौ | 4 | 2504 | 2504 |
| मटरसुखी | 0000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 5 | 10901 | 12202 |
| चियाबीज | 10 | 12225 | 15550 |

# श्रीमद भगवतगीता हमें कर्म एवं भक्ति मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है-डा. यादव

## अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव एवं जन कल्याण पर्व का शुभारंभ कार्यक्रम सम्पन्न, मुख्यमंत्री द्वारा 1.28 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में 1572 करोड़ की राशि अंतरित

**नीमच, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमद भगवतगीता हमें कर्म मार्ग एवं भक्ति मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। यह पवित्र ग्रंथ सनातन संस्कृति की ओर ले जाती है। प्रदेश सरकार जनकल्याण के मार्ग पर निरंतर चल रही है, यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गीता जयंती के अवसर पर भोपाल में आयोजित राज्यस्तरीय गीता महोत्सव एवं मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के शुभारंभ समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर संगठन प्रभारी श्री हितानंद जी, उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल, श्री जगदीश देवड़ा, भोपाल के प्रभारी मंत्री श्री चेतन कश्यप एवं संस्कृति मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी सहित मंत्रीगण, विधायकगण एवं जनप्रतिनिधि मंचासीन थे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में कहा, कि भगवान श्री कृष्ण के मुखारविंद से निकली श्रीमद भगवतगीता के माध्यम से मध्यप्रदेश में अद्वितीय रिकॉर्ड स्थापित हुआ है, इसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा, कि गीता जयंती के शुभ अवसर पर 1.28 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में 1572 करोड़ रूपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यंम से अंतरित की गई है। साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 55 लाख से अधिक हितग्राहियों के खाते में 334.38 करोड की राशि अंतरित की गई है। उन्होंने कहा, कि प्रदेश में 11 से 26 दिसम्बर तक जनकल्याण पर्व मनाया जा रहा है और 11 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक मुख्य मंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल, संस्कृति मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, प्रभारी मंत्री श्री चेतन कश्यप ने भी सम्बोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के साथ ही नीमच जिले की 1 लाख 60 हजार 629 लाडली बहनों के खाते में नवम्बर पेड इन दिसम्बर 2024 की 1250 रूपये प्रति हितग्राही राशि का अंतरण भी किया। प्रारंभ में संस्कृति सचिव श्री शिवशेखर शुक्ला एवं संस्कृति संचालक ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर दिनेश पाणिग्रही पाठशाला के विद्यार्थियों ने सस्वर गीता के श्लोकों का वाचन किया। गिनिज बुक रिकॉर्ड के श्री ऋषिनाथ ने 5 हजार से अधिक आचार्यों द्वारा श्रीमद भगवतगीता के श्लोकों का एक साथ सस्वर वाचन करने पर स्थापित रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र भी मुख्यमंत्री जी को भेंट किया। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री इलैया राजा ने वाल्मिकी रामायण एवं श्रीमद भगवतगीता की प्रतियां भी भेंट की। आभार भोपाल कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रमसिंह ने व्यक्त किया। इस राज्य/स्तरीय कार्यक्रम का जिला मुख्यालय नीमच के एन.आई.सी. कक्ष में सीधा प्रसारण किया गया। एन.आई.सी. कक्ष में कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा, कार्यक्रम अधिकारी श्री टी.सी. मेहरा एवं लाडली बहने उपस्थित थी। गीता महोत्सव एवं जनकल्याण पर्व के शुभारंभ का जिलास्तरीय कार्यक्रम टाउन हॉल नीमच में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस मौके पर न.पा. अध्यक्ष श्रीमती स्वाती चौपड़ा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदाबाई धनगर, विधायक प्रतिनिधि श्री निलेश पाटीदार, जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री अरविंद डामोर, एस.डी.एम. डॉ. ममता खेड़े, डिप्टी कलेक्ट र श्री चंद्रसिंह धार्वे, इस्कॉन के आचार्य श्री रघुनाथ प्रसाद एवं श्री धनराज सहित जन प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री विजय बाफना ने किया और अंत में श्री महेंद्र वशिष्ट ने आभार माना। गीता महोत्सव एवं जनकल्याण पर्व के राज्यस्तरीय कार्यक्रम का जिला मुख्यालय के अलावा उपखण्ड मुख्यालय नीमच, जावद एवं मनासा तथा सभी नगरीय निकाय स्तर पर भी सीधा प्रसारण किया गया।

# एमपी में 19 साल बाद फिर दौड़ेगी सरकारी बसें, यात्रियों को जनवरी में ही मिल सकती है सौगात

**भोपाल, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश में एक बार फिर सरकारी बसें सड़कों पर दौड़ती नजर आएंगी। सब कुछ ठीक ठाक रहा तो जनवरी 2025 से ही यात्री परिवहन सेवा की शुरुआत हो सकती है। बुधवार को इस मुद्दे पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने बस सेवा शुरू करने संबंधी प्रस्ताव अगली कैबिनेट बैठक में प्रस्तुत करने को कहा है। केबिनेट द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी के बाद जल्द ही सरकारी बसें चालू हो जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

एमपी में 19 साल बाद फिर सरकारी बसें चलने की प्रक्रिया और तेज हो गई है। इस मुद्दे पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने वरिष्ठ अफसरों की बैठक ली। समत्व भवन में आयोजित इस बैठक में प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन, परिवहन विभाग के एसीएस एसएनस मिश्रा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों से प्रदेश में नई यात्री बस सेवा के संचालन में यात्री सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने बस संचालन में ग्रामीण क्षेत्र के यात्रियों की आवश्यकता और इंटरसिटी मार्गों के महत्व को ध्यान में रखने की हिदायत दी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने टिकट बुकिंग, बस ट्रैकिंग जैसे टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म के लाभ यात्रियों को सरलता से प्राप्त हों, इसके निर्देश दिए। उन्होंने बस सेवा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए समयसीमा पर जोर दिया। सीएम ने नई परिवहन सेवा जल्द से जल्द शुरु करने को कहा। बता दें कि जून में कैबिनेट बैठक के दौरान सीएम डॉ. मोहन यादव ने सरकारी परिवहन सेवा दोबारा शुरू करने को लेकर रिपोर्ट बनाने को कहा था। प्रदेश में सन 2005 में सड़क परिवहन निगम को बंद कर दिया था। इस प्रकार करीब 19 साल बाद राज्य सरकार नए सिरे से यात्री परिवहन सेवा शुरू करने की कवायद कर रही है। शहरी, ग्रामीण परिवहन सेवा के साथ-साथ अंतर शहरी अन्तर्राज्यीय नई यात्री परिवहन सेवा का प्रबंधन राज्यस्तरीय होल्डिंग कंपनी द्वारा किया जाएगा। क्षेत्रीय स्तर पर कंपनियां होंगी और जिलास्तर पर निगरानी के लिए भी परिवहन समितियां बनेंगी। राज्यस्तरीय और संभागस्तरीय कंट्रोल और कमांड सेंटर स्थापित किए जाएंगे। नोटिफाईड रूटस पर निविदा प्रक्रिया से ऑपरेटर चुने जाएंगे।

**आईटी टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस का इस्तेमाल**-यात्रियों की सुविधा और बेहतर बस सेवा संचालन के लिए आईटी टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस का इस्तेमाल किया जाएगा। ई-टिकट, मोबाइल एप, बस ट्रैकिंग, ऑक्युपेंसी देखने और भुगतान की सरलतम सुविधा उपलब्ध होगी।

# नेशनल हाकी चैम्पियनशीप: आज से शुरू होगा क्वार्टर फाइनल

**मंदसौर, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में आयोजित हो रही बालिका वर्ग की नेशनल हॉकी चौंपियनशिप के आज तीसरे दिन उत्साह और आनंद क्रमशः बढ़ता हुआ नजर आया मैदान पर खिलाड़ी एक-एक गोल के लिए संघर्ष करते तथा उनके कोच मैदान के बाहर खड़े होकर जोर-जोर से बोलकर अपनी प्रांतीय भाषा में उनका मार्गदर्शन करते नजर आए लेकिन आज अधिकांश टीमों ने एकतरफा प्रदर्शन किया।

जिला क्रीड़ा अधिकारी बंसीलाल बारीवाल ने बताया कि मैच दो मैदानों उत्कृष्टविद्यालय तथा अस्ट्रोटर्फ पर खेले गए, बिहार ने पश्चिम बंगाल को 2-0 से, तमिलनाडु ने सीबीएसई डब्ल्यूएसओ को 6-0 से, सीबीएसई पानीपत ने राजस्थान को 2-1 से, उड़ीसा ने चंडीगढ़ को 9-0 से, हरियाणा ने केरल को 10-0 से, उत्तर प्रदेश ने पंजाब को 7-0 से, झारखंड ने हिमाचल को 10-0 से तथा तमिलनाडु ने तेलंगाना को 4-0 से हराया। समाचार लिखे जाने तक बिहार और महाराष्ट्र का मैच जारी था। कल से क्वार्टर फाइनल मैच प्रारंभ होंगे, आज की 16 टीमों में से आठ टीमों का चयन किया जावेगा। खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने हेतु ऑब्जर्वर अमित गौतम, एचओडी फिजिकल एजुकेशन डॉक्टर शमशेर तथा डॉक्टर रोहित शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर एमआईटी कॉलेज, अनुविभागीय अधिकारी शुभम पाटीदार, जिला शिक्षा अधिकारी श्री लोकेंद्र डाबी सहायक संचालक श्रीमती टेरेसा मिंज ,आनंद डावर, डॉ विनीता प्रधान, सुदीप दास, संजय राजगुरू, डॉ सुनीता गोदा करणी स्कूल के छात्र-छात्रा तथा सैनिक विद्यालय के छात्र उपस्थित रहे। आज के मैच में अंपायर तथा स्कोरर का कार्य तरुण नामदेव, शमीउल्ला, शैलेंद्र वर्मा, गोपाल गौतम, निकम, देवेंद्र बाथम, देवेंद्र परमार, मुकेश राठौर ईमानउर रहमान, देवकीनंदन, सौरभ राजपूत, शिवम सोंधिया, राहुल बर्मन ने किया। तथा मैच की कमेंट्री शेख सलीम द्वारा की जा रही थी। जिन टीमों के मैच हो चुके थे उन्हें विश्व प्रसिद्ध अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के परिसर में भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन श्री अशोक रत्नावत, राहुल शर्मा, विजय सिंह पुरावत संगीता भदानिया द्वारा करवाये गए, इस अवसर पर परिसर में संचालित संस्कृत पाठशाला के बटुकों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत गीता पाठ में खिलाड़ियों को सम्मिलित किया तथा भगवान पशुपतिनाथ की प्रतिमा के प्राकट्य का विवरण मंदिर समिति प्रबंधक राहुल रूनवाल द्वारा दिया गया। इसके पश्चात सभी खिलाड़ी पशुपतिनाथ की आरती में सम्मिलित हुए तथा प्रसाद ग्रहण किया। उक्त जानकारी प्रचार प्रसार समिति के हेमंत सुथार, मुकेश जैन तथा राजेश प्रजापत द्वारा दी गई।





**लाल सोने की आवक-** मंदसौर कृषि उपज मंडी में प्याज की बंपर आवक के चलते मंडी परिसर पूरी तरह प्याज से भरा पड़ा है। मंडी के पीछे वाले गेट पर प्याज लेकर आने वाले वाहनों की लंबी कतारे लग रही है।

# विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर सेमिनार सम्पन्न

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर एवं उड़ान वूमेन एंपावर्ड सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन

**मंदसौर, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** माननीय म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के द्वारा प्रसारित निर्देशों के पालन में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश श्री कपिल मेहता के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं जिला न्यायाधीश श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर दिनांक 10 दिसंबर, 2024 को ए.डी.आर. सेंटर भवन, जिला न्यायालय परिसर, मंदसौर के सभागृह में महिला एवं बच्चों के विरूद्ध होने वाली लैंगिक हिंसा की रोकथाम विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर तथा उड़ान वूमेन एंपावर्ड सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ।



शुभारंभ सत्र को सम्बोधित करते हुये माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय श्री कपिल मेहता ने बताया कि मानव अधिकारी प्रत्येक व्यक्ति को जन्म से प्राप्त वे अधिकार है, जो बिना किसी भेदभाव के सभी को समान रूप से दिये गए है। यह अधिकार मानव गरिमा, स्वतंत्रता और समानता सुनिश्चित करते है। साथ ही मानव अधिकार सामाजिक न्याय, शांति और विकास की नींव रखते है, उन्होंने समस्त प्रतिभागियों को शुभकामनाये देते हुये कहा कि आज की कार्यशाला से आप अपने कार्य में ओर अधिक सशक्त एवं संवेदनशील बन पायेगें। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में उड़ान संस्था की प्रबंधक श्रीमती संगीता कुम्भकार ने उड़ान संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यो के संबंध में जानकारी प्रदान की। इसके पश्चात किशोर न्याय अधिनियम विषय पर सत्र को श्री हिम्मत सिंह सांखला डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसल द्वारा, तथा मानव अधिकार विषय पर सत्र को श्री सुनील कुमार बडोदिया, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसल द्वारा तथा विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के विषय पर सत्र श्री प्रवीण कुमार, जिला विधिक सहायता अधिकारी मंदसौर द्वारा, तथा लैंगिक अपराधों से बालकों संरक्षण अधिनियम, विषय पर सत्र को श्री सिद्धार्थ तिवारी, जिला न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सम्बोधित किया गया। उक्त सेमिनार में जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री रघुवीर सिंह पंवार, विशेष न्यायाधीश श्री अजय कुमार सिंह, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री गंगाचरण दुबे, न्यायाधीशगण, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, लीगल एड डिफेंस काउंसल्स, पैनल अधिवक्तागण, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, जिला श्रम अधिकारी, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारी/पदाधिकारी, विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों के पदाधिकारीगण एवं पैरालीगल वालेन्टियर्स द्वारा सहभागिता की गई।

# रोल बाल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मंदसौर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**मंदसौर, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित होने वाली शालेय राज्य स्तरीय रोल बॉल प्रतियोगिता सतना में मंदसौर के खिलाड़ियों ने उज्जैन संभाग के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए बालिका 14 वर्ष बालक, 14 वर्ष बालक, 19 वर्ष के फाइनल में जगह बनाई इस दौरान उन्होंने बालिका वर्ग में सेमी फाइनल में रीवा को 5 - 4 से हराया जिसमें मंदसौर की खिलाड़ी दही शर्मा, दृष्टिशर्मा, नीतिका पारेख, प्रिया शर्मा, आरोही शर्मा ने अहम भूमिका निभाई वहीं बालक 14 वर्ष में सेमीफाइनल में इंदौर को हराया जिसमें शौर्य वीर सिंह चौहान ने सभी 4 गोल किए साथ ही युग श्रीवास्तव, अनुकूल जैन, आर्य भंडारी, श्रेष रतनावत, दक्ष पारीक ने अहम भूमिका निभाई वहीं



बालक 19 वर्ष में लीग मैचों में अपने सारे मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया इस दौरान इन्होंने रीवा भोपाल इंदौर जबलपुर की टीमों को पराजित किया इस टीम में मंदसौर से जय गुज्जर, विशाल गहलोत, नमन जैन, हार्दिक जैन, इस तरह इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मंदसौर के 24 खिलाडि उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जो निरंतर रोल बॉल प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं इससे पूर्व निरंतर 5 वर्षों र्तक उज्जैन संभाग सभी आयु वर्गों में अंविजित रहा है जिसमें मंदसौर के खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा है ।खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षकों के रूप में सचिन काले राकेश श्रीवास्तव दिव्यांशु परमार मौजूद रहे। खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पर जिला रोलबाल के अध्यक्ष विकास आचार्य जिला स्केटिंग संघ के अध्यक्ष कपिल भंडारी, अनिल चौधरी, अनिल जैन, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा लीड कॉलेज खेल अधिकारी राजू कुमार महेंद्र शुक्ला, अविनाश उपाध्याय, कुलदीप सिंह चौहान, जलज सिसोदिया, दिव्यांशु परमार, कनिष्क पवार, लाभांशी हेजू सहित अभिभावकों को व सीनियर खिलाड़ियों ने बधाई दी व उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## उठावना/पुष्पांजली

अभिभाषक बृजेंद्रसिंह (राहुल) चुंडावत, इंजीनियर शैलेंद्र सिंह एवं युवराज सिंह के पूज्य पिता जी एवं बैंक कर्मी नेता भानुप्रतापसिंह चंद्रावत, अभिभाषक गोपालसिंह पंवार के साढू साहब, अभिभाषक एवं शहर कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर के मौसा ससुर साहब राज्य कर अधिकारी नीमच ठा. सुरेन्द्र सिंह जी चुंडावत ठिकाना कचनारा नाहरगढ़ का दिनांक 10 दिसंबर 2024 को देवलोक गमन हो गया है। उठावना/पुष्पांजली दिनांक 12 दिसंबर 2024 गुरुवार को प्रातः 10.30 बजे निज निवास सुदामा नगर रेवास देवड़ा रोड, रामटेकरी मंदसौर पर है।



***** शोकाकुल *****
**चुंडावत परिवार कचनारा, मंदसौर**

## संयुक्त उठावना

मेरे अनुज, स्व.अर्जुनसिंहजी के छोटे भ्राता, स्व. रघुवीरसिंह किशोरसिंह के बड़े भ्राता, देवेंद्रसिंह, अजयसिंह नरेंद्रसिंह 'पिंकी' के काकाजी एवं महेंद्रसिंह (बंटी) शैलेंद्रसिंह (चिंटू) के पूज्य पिताजी आदित्य, धीरज, यश, हर्ष, विवेक आनंद के पूज्य दादाजी व मयंक के नाना जी आदरणीय प्रताप सिंहजी यादव का दिनांक 10.12. 2024 को स्वर्गवास हो गया था जिनका संयुक्त उठावना 12-12-2024 गुरुवार दोपहर 12.30 शिव मंदिर; जनता कॉलोनी पर रखा गया है



***** शोकाकुल *****
**तेजसिंह यादव, महेंद्र सिंह(बंटी) शैलेन्द्र सिंह (चिंटू) मंदसौर जी के यादव, मंगेश यादव राज कुमार यादव, राम कृष्ण यादव, मुकेश यादव, राजेन्द्र यादव , सुरेश यादव, इंदौर**

# जज को ब्लैकमेल करने वाले आरोपियों को सात साल की सजा

**नीमच, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार शर्मा ने राजस्थान के न्यायाधीश को ब्लैकमेल कर उनसे एक करोड रूपये नकद व एक मकान की मांग करने वाली महिला सहित दो आरोपियों को सात साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने डिकेन बस स्टैंड के पास रहने वाली आरोपी अरुणा उर्फ अवनी उर्फ अंजु बैरागी उम्र 36 वर्ष और रतनगढ निवासी दूसरे आरोपी दीपक तिवारी उम्र 32 वर्ष को अलग-अलग धाराओं में सजा सुनाई। दरअसल राजस्थान न्यायिक सेवा में कार्यरत न्यायाधीश ने 4 वर्ष पूर्व नीमच केंट थाने में आवेदन दिया था कि अवनी वैष्णव सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से संपर्क में आई। इस दौरान जब वे सवाई माधोपुर में पदस्थ थे, उस समय अवनी वैष्णव आई और स्वयं को नीमच का प्रतिष्ठित एड्वोकेट बताते हुए सवाई माधोपुर में गणेश जी के मंदिर के दर्शन कराने के लिए निवेदन किया। इस दौरान अवनी वैष्णव ने स्टाफ से मेरा मोबाइल नंबर ले लिया और बातचीत करने लगी। रोज ज्यादा बातचीत करने का दबाव बनाने लगी। मना करने पर झूठे केस में फंसाकर नौकरी से निकलवाने की धमकी दी। ब्लैकमेल करते हुए एक करोड़ रुपए और मकान देने की मांग की। इसके बाद न्यायाधीश ने पुलिस थाने में शिकायत की, वहीं कोर्ट ने साक्ष्य के आधार पर दोनों आरोपियों को सजा सुनाई है।

## घर के बाहर खड़ी तूफान चोरी

**पिपलियामंडी, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** तूफान गाड़ी चोरी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। नापाखेड़ा निवासी जरेलाल पिता भेरुलाल डांगी ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि घर के बाहर तेरी तूफान गाड़ी (एमपी 14 बीई 0776) खड़ी थी। जिसे अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर केस दर्ज किया।

# जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक संपन्न

**मंदसौर, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जन्म प्रमाण पत्र आम जनता को समय प्रदान करें। बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, खनिज विभाग, जल निगम, सहकारिता विभाग, कृषि विभाग, विपणन विभाग, एमपीईबी, जल संसाधन विभाग, सिंचाई विभाग, मत्स्य विभाग, वन विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग नवीन



स्वीकृत भवनों की जानकारी प्रदान करें। अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में फार्मासिस्ट हो। जल निगम पेयजल पाइपलाइन गहराई में डालें एवं गुणवत्ता के संबंध में ठेकेदार को निर्देशित करें। आंगनबाड़ियों में बच्चों की उपस्थिति अच्छी रहे। एमपीइबी विभाग को निर्देश दिए कि, खेत में डीपी जलने पर समय पर दूसरी लगाए, जिससे किसान परेशान न हो। फसल बीमा कंपनी समय पर किसानों को बीमा का भुगतान करें। सिंचाई परियोजनाओं के संबंध में गुणवत्ता की जांच के लिए निगरानी दल गठित करें। बैठक के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, वन मंडल अधिकारी श्री संजय रायखेरे, जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा सहित साधारण सभा समिति के सदस्य मौजूद थे।

## नीमच में आपदा प्रबंधन मॉक ड्रील सम्पन्न

**नीमच, 11 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** धानुका फैक्ट्री नीमच पर 11वीं बटालियन एन.डी.आर.एफ. द्वारा सी.बी.आर.एन. एवं फायर सेफ्टी की मॉक ड्रील का आयोजन बुधवार को किया गया। अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड़ के निर्देशानुसार एन.डी.आर.एफ. के कमांडेंड श्री ए.एस. सिकंदर एवं कंपनी कमांडर श्री सत्यजीत एवं उनकी पूरी टीम एवं जिला सेनानी होमगार्ड श्री युवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्लाटून कमांडर एवं एस.डी.ई.आर.एफ. के जवानों तथा फायर एवं पुलिस प्रशासन और अन्य प्रशासनिक संयुक्त टीम द्वारा आपदा मॉक ड्रिल प्रदर्शन में सहयोग प्रदान किया गया।


## समक्ष अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश, मंदसौर म.प्र.
## (लोकोपयोगी सेवाओं की स्थायी लोक अदालत)

**प्रकरण क्रमांक-14/2024/3-8-2024**

1- विघ्नहर्ता सामाजिक कल्याण समिति, 2-महेश कुमार पिता दुलेसिह मोदी, अधिवक्ता, 3-गोपाल पिता लक्ष्मीनारायण गुप्ता 4-इसरार खान पिता फारूख हुसैन, अधिवक्ता, 5-सुनील रायजादा पिता कृष्ण मोहन, अधिवक्ता, 6-महेश समन्दर पिता मदनलाल अधिवक्ता, 7-विनोद सालवी पिता रतनलाल, अधिवक्ता सभी निवासी मंदसौर (म.प्र.)........**प्रार्थीगण**

**विरूद्ध-**1-म.प्र. शासन द्वारा कलेक्टर, मंदसौर , 2-नगर पालिका परिषद मंदसौर द्वारा सीएमओ नगर पालिका, मंदसौर (म.प्र.)..........**विपक्षीगण**

### सर्वसाधारण की सूचनार्थ सूचना-पत्र

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगणों ने इस प्राधिकरण के समक्ष इस आशय की परिवाद प्रस्तुत की है कि मंदसौर नगर में आवारा कुत्तों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हो गई हैं। उनमें से कई कुत्ते खुखार होकर आमजन पर हमला कर उन्हें घायल कर देते हैं जिसमे पीड़ित व्यक्तियों को जान का खतरा हो सकता है। कई कुत्ते दो पहिया वाहन पर हमला करते हैं जिससे वे वाहन की गति बढाते और कई बार गाडी की गति बढ़ाने से वाहन का बेलेन्स बिगड़ने से दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। सुबह-सुबह छोटे बच्चे पैदल स्कूल जाते है। उन पर भी कुत्तों के घातक आक्रमण से हमेशा खतरा बना हुआ है।

आज दिनांक 09/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा लगाकर जारी किया। इस परिवाद के सबंध में कोई व्यक्ति, संस्था, प्राधिकरण के समक्ष 15/01/2025 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

**दिनांक 09/12/2024**
**स्थान- मंदसौर**

न्यायालय स्थाई लोक अदालत (लोक उपयोगी सेवाओं को लिये) बैठक स्थान-ए.डी.आर. भवन जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर जिला-मंदसौर (म.प्र.)

**जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष**
**स्थाई एवं निरंतर लोक अदालत**
**(लोक उपयोगी सेवाओं के लिये)**
**जिला-मंदसौर (म.प्र)**



## कार्यालय नगर परिषद भानपुरा, जिला मंदसौर (म.प्र.)

Email-cmobhanpura@mpurban.gov.in, Phone-07427-236601

क्र./लो.नि./ई-टेण्डर/2024/1207 भानपुरा दिनांक 11.12.2024

### ***** निविदा सूचना *****

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 2024_UAD_387414_1 | स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत ड्राय एवं वेस्ट एम.एस. डब्ल्यू. प्लांट निर्माण कार्य | 06 माह 8152194 | 1. 10000/- 2. 61141 |
| 2 | 2024_UAD_387431_1 | बस स्टेण्ड से रामपुरा गेट पेवर ब्लॉक व नाला निर्माण | 6 माह 74953 | 1. 2000/- 2. 7750 |

नोट- 1. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने, ऑनलाईन बिडसबमिट करने एवं निविदा खोले जाने की विस्तृत जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दी गई है। 2. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

विनोद (शिव) भानपिया, अध्यक्ष, नगर परिषद भानपुरा | श्रीमती रेहाना डॉ. जाकिर हुसैन, उपाध्यक्ष, नगर परिषद भानपुरा | सुभाष बागड़ी, सभापति लोक निर्माण, नगर परिषद भानपुरा | विनोदकुमार शर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद भानपुरा



## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/1671/खनिज/2024 मंदसौर, दिनांक-04.12.2024

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

### //// प्रथम सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जितेन्द्र लाड़ पिता सुरेशचंद्र लाड़ निवासी शनि चौक, पुरानी तहसील, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 28.11.2024 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 08.01.2025 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

### आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | मल्हारगढ़ | सुठोद | 282 | 3.900 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर एवं एम सेड़ (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08.01.2025 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

**प्रभारी अधिकारी**
**खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.**

G-20095/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in